बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

का०आ० संख्या–स्था०क्षे०–315 / 2026– पटना, दिनांक अप्रैल, 2026

का र्या ल य आ दे श

कृषि विभाग के अधिसूचना संख्या–4140 दिनांक–04.09.2025 के क्रमांक संख्या–600 बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि–01 (शष्य) के पदाधिकारी श्री मदन की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौंपी गयी। जिला कृषि कार्यालय, वैशाली के ज्ञापांक संख्या–2090 दिनांक–06.09.2025 के द्वारा श्री मदन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष को दिनांक–06.09.2025 के अपराह्न से विरमित किया गया है। श्री मदन द्वारा द्वारा गन्ना उद्योग विभाग में दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–1525 दिनांक–06.10.2025 के क्रमांक–17 द्वारा श्री मदन को ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर के पद पर पदस्थापित किया गया। श्री मदन के द्वारा सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर कार्यालय में अपना योगदान दिनांक–07.10.2025 के पूर्वाह्न में समर्पित किया गया।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 द्वारा पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि 180 (एक सौ अस्सी) दिन या इससे कम रहने पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से सेवा विनियमन का प्रवधान किया गया है।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री मदन, ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर का दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक की अवधि अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. प्रस्ताव पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति तथा अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
(राजीव रंजन)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01 / स्था०क्षे०–315 / 2026– / पटना, दिनांक– अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01 / स्था०क्षे०–315 / 2026– 671 / पटना, दिनांक– 09 अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि–महालेखाकार, बिहार वीरचन्द्र पटेल पथ, पटना / वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग, बिहार, पटना / सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर / श्री मदन, ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मुजफ्फरपुर / श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Raje. 09/04/26.

सरकार के अवर सचिव।

Rajesh Ji Letter